**Dainik Jagran, New Delhi**
**Sunday, 28th October 2018; Page: 6**
**Width: 5.45 cms; Height: 12.58 cms; a4; ID: 38.2018-10-28.65**

# मजदूरों की मौत मामले में एनएचआरसी ने मांगा जवाब

नोएडा : सेक्टर 94 में सात अक्टूबर को अहलूवालिया कंस्ट्रक्शन कम्पनी की साइट पर शटरिंग गिरने से हुई चार मजदूरों की मौत मामले में एनएचआरसी ने जवाब मांगा है। यहां बता दें कि झुग्गी झोपड़ी जीवन उत्थान मिशन (स्लम फाउंडेशन) के अध्यक्ष व भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय सह संयोजक सुनील भराला ने 22 अक्टूबर को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में इसकी शिकायत की थी। संस्था के मीडिया प्रभारी के अनुसार, मामले में मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। प्रत्येक मृतक के परिवार को 25-25 लाख रुपये मुआवजा व एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की गई है। इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने जिलाधिकारी, एसएसपी व यूपी लेबर कमिश्नर को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब देने को कहा है। (जासं)